11/131

प्रमुख सचिव

राजस्थान विधान सभा, जयपुर।

नियम- 131 के तहत ध्यान आकर्षण प्रस्ताव।

विषय- - विधानसभा क्षेत्र- शिव में 220 केवी ग्रिड सब स्टेशन का कार्य पूर्ण करवाने के सम्बन्ध में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयांतर्गत निवेदन है कि शिव विधानसभा क्षेत्र वर्तमान समय में एक गहरे बिजली संकट से गुजर रहा है। यहां पर किसानों को बिजली मात्र 3 घंटे या उससे भी कम समय के लिए मिल रही है। साथ ही यहां अघोषित बिजली कटौती की जाती है। इस अघोषित बिजली कटौती और बिजली की आपूर्ति 3 घंटे से भी कम होने की वजह से यहां के किसान बहुत ही परेशान और त्रस्त है। किसानों को पर्याप्त बिजली न मिलना फसलों की बर्बादी का सबसे प्रमुख कारण है।

अगर इस क्षेत्र के विद्युत तंत्र के विकास पर ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाली अगली फसल में 1 घंटे की विद्युत आपूर्ति करना संभव नहीं हो पाएगा।

इस क्षेत्र में एक 220 केवी का सबस्टेशन निर्माणाधीन है जिसका निर्माण कार्य वर्ष 2016 में शुरू हुआ था पर अभी तक इसका निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ और अगले 1 वर्ष में निर्माण कार्य पूरा होने की संभावना भी बहुत कम है क्योंकि सबस्टेशन को जोड़ने हेतु विद्युत लाइन का अभी तक कोई टेंडर तक जारी नहीं हुआ है।

इस क्षेत्र के समग्र विद्युत तंत्र को विकसित करने के लिए मैं माननीय ऊर्जा मंत्री से निवेदन करूंगा कि इस क्षेत्र के भविष्य में आने वाले विद्युत भार को देखते हुए 220 केवीए सबस्टेशन का निर्माण अति शीघ्र करवाने की कृपा करें तथा इस क्षेत्र के अन्य जगहों पर 132 केवी के सबस्टेशन का निर्माण प्रस्तावित करें जिससे विद्युत तंत्र मजबूत हो। इसके अलावा सब स्टेशनों को रिंग में जोड़ने का भी प्रस्ताव तैयार करवाऐ।

मैं इस ध्यान आकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से माननीय ऊर्जा मंत्री महोदय से निवेदन करना चाहता हूं कि विधानसभा क्षेत्र शिव में विद्युत तंत्र के सुदृढ़ीकरण हेतु उक्त कार्यो को प्राथमिकता के आधार पर करवाने की कृपा करें।

भवदीय

( रविन्द्र सिंह भाटी )

दिनांक-

विभाजन संख्या- 126